पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 03 अभियुक्तों तथा एन0बी0डब्लू0 में कुल 08 अभियुक्तों गिरफ्तार।

दिनांक–24.04.2024

दिनांक 23/24.04.2024 को थाना चिनहट 01, दुबग्गा 01, गाजीपुर 01 अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में थाना बीकेटी 01, ठाकुरगंज 04, माल 03 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना चौक–दिनांक 24.04.2024 को चौकी प्रभारी मेडिकल कालेज, थाना चौक द्वारा बताया गया कि आज सुबह समय करीब 8.30 पर सूचना प्राप्त हुई कि मेडिकल कालेज के गांधी वार्ड द्वितीय फ्लोर, वार्ड नं0.6, रूम न0–01 में वार्ड आया श्रीमती बिट्टन उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी बरकत अली निवासी केम्पबेल रोड बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ ने छत में लगे पंखे टांगने वाली लोहे की पाइप से साड़ी का फंदा बनाकर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को उतारकर पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के परिजन मौके पर आ गए है। **आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।** मृतका मेडिकल कालेज में वार्ड आया पद पर काम करती थी। इनकी ड्यूटी का समय रात्रि 08.00 बजे से सुबह 08.00 बजे तक थी। मृतका के 02 पुत्र व 01 पुत्री है। मृतका के पति मेडिकल कालेज में ही काम करते थे जो कि अब रिटायर्ड हो गये हैं।

थाना ठाकुरगंज–दिनांक 24.04.2024 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि श्री जुनैद अहमद पुत्र स्व0 मो0 सईद निवासी–ग्राम करौली जनपद बाराबंकी थाना जैदपुर ने थाना ठाकुरगंज पर सूचना दिया कि वह वर्तमान में लखनऊ में अपने मामा अब्दुल खालिक मलिक उम्र करीब 65 वर्ष पुत्र अब्दुल हफीज निवासी–बाबा हजारा बाग गद्दी पीर खां थाना ठाकुरगंज के साथ रह रहा है। उसके मामा जो कि थोड़ा बीमार थे आज दिनांक 24.04.2024 को परेशान होकर अपनी खुद की रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री सुरजीत कुशवाहा मो0नं0 6392470532 थाना ठाकुरगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक पूर्व में रियल स्टेट का कार्य करते थे। मृतक की पत्नी का पूर्व में देहान्त हो चुका है। मृतक के 01 बेटी है जिसकी शादी हो चुकी है। मृतक अपने 03 भान्जों के साथ उपरोक्त मकान में रहते थे।

थाना दुबग्गा–दिनांक 24.04.2024 को थाना दुबग्गा द्वारा बताया गया कि श्री अजीत कुमार पुत्र प्रकाश निवासी–ग्राम अमेठिया सलेमपुर थाना दुबग्गा लखनऊ ने थाना दुबग्गा पर सूचना दिया कि आज दिनांक 24.04.2024 को समय करीब 01.00 बजे उसे सूचना मिली कि एक महिला का शव ग्राम अमेठिया सलेमपुर के रेलवे पटरी के किनारे पड़ा हुआ है। इस सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि उक्त शव उसकी चाची किरन रावत उम्र करीब 37 वर्ष पत्नी अनिल रावत उर्फ निक्का निवासी–ग्राम अमेठिया सलेमपुर थाना दुबग्गा का है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री योगेन्द्र सिंह मो0न0 8954334461 द्वारा की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि किरन रावत उपरोक्त रात्रि में गेहूं की कटाई करके घर वापस आ रही थी, रास्ते में रेलवे पटरी पर किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी है।

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट

थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हर्ष फायरिग की वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुये हर्ष फायरिग करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 24.04.2024

कार्यवाही-

थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण-

श्रीमान उच्चाधिकारीगणों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक आशियाना के कुशल निर्देश में गठित थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा हर्ष फायरिंग के वायरल वीडियो के अभियुक्त की तलाश हेतु अलग अलग स्थानों पर एवं अभियुक्त के घर पर दबिश देकर दिनांक 24.04.2024 को 01 नफर अभियुक्त बृजमोहन शर्मा पुत्र राम अभिलाष शर्मा निवासी 6/306/307 रजनीखण्ड शारदा नगर थाना आशियाना लखनऊ उम्र 44 वर्ष को समय करीब 14.00 बजे अन्तर्गत धारा 151/107/116 दं0प्र0सं0 गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से वीडियो में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर कब्जा पुलिस लेते हुये विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. बृजमोहन शर्मा पुत्र राम अभिलाष शर्मा निवासी 6/306/307 रजनीखण्ड शारदा नगर थाना आशियाना लखनऊ उम्र 44 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

01. उ0नि0 कमल नयन राजपूत थाना आशियाना लखनऊ

02. का0 कमल किशोर थाना आशियाना लखनऊ